रामकोला बाजार में बाल श्रम के खिलाफ अभियान,14 किशोर श्रमिक चिह्नित

लक्ष्मीगंज (कुशीनगर)। बाल एवं किशोर श्रम पर अंकुश लगाने के लिए गुरुवार को रामकोला बाजार में श्रम विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जागरूकता एवं चिन्हांकन अभियान चलाया।

इस दौरान होटलों, ढाबों और मोबाइल ऑटो वर्कशॉप समेत 10 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 14 किशोर श्रमिक चिह्नित किए गए। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि यह अभियान बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के संशोधित प्रावधानों के तहत चलाया गया। निरीक्षण के दौरान किशोरों से काम कराने वाले सेवायोजकों और प्रतिष्ठान



संचालकों को संबंधित धाराओं के तहत

◆श्रम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने 10 प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण◆बाल श्रम कराने पर दो साल तक की सजा और 50 हजार रुपये तक जुर्माने का प्रावधान

निरीक्षण टिप्पणी जारी करते हुए विधिक कार्रवाई की गई। टीम ने प्रतिष्ठान संचालकों को बाल श्रम के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों से श्रम कराना दंडनीय अपराध है। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने और सुरक्षित बचपन जीने का अधिकार है।

बाल श्रम कराते हुए पकड़े जाने पर दोषी सेवायोजक को छह माह से दो वर्ष तक के कारावास और 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुर्माने की सजा हो सकती है। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार टंडन, आरक्षी सुशील, निकिता मिश्रा और शशि शेखर मिश्र समेत अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर युवती को भगाने का आरोप

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र में 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप लगा है। युवती के पिता ने इस मामले में एक युवक और उसके तीन सहयोगियों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पिता की ओर से थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, उनकी बेटी बीते सोमवार को सुबह करीब 11 बजे घर से चली गई। आरोप है कि दूसरे गांव का रहने वाला एक युवक उनकी बेटी से फोन पर बातचीत करता था और उससे मिलने घर भी आता था। पिता ने युवक पर शादी का झांसा देकर बेटी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र में युवक के तीन अन्य सहयोगियों के नाम भी दर्ज कराए गए हैं। पिता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं पुलिस ने आरोपितों के उपर बीएनएस की धारा 87 और 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मनबढ़ ने दरवाजे पर लगे पाइप को फावड़े से तोड़ा,मुकदमा दर्ज

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेंउसा टोला खजुरी निवासी विजय कुमार दूबे पुत्र ओमप्रकाश की तहरीर पर पुलिस ने आशीष दूबे पुत्र सुधाकर निवासी भेंउसा के खिलाफ बीएनएस की धारा 352,351(3),324 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेंउसा टोला खजुरी निवासी विजय कुमार दूबे पुत्र ओमप्रकाश ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 14 अक्टूबर को भेंउसा निवासी आशीष दूबे पुत्र सुधाकर मेरे दरवाजे पर फावड़ा लेकर आए और मुझे तथा पूरे परिवार को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए दरवाजे पर लगे पाइप को फावड़े से तोड़ दिए। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि तहरीर मिली है आशीष दूबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

बुजुर्ग दम्पति से मारपीट और धमकी का आरोप

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के कोल्हुई गांव में बुजुर्ग दंपती के साथ मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित वीरेंद्र दूबे ने पड़ोस के एक परिवार के कई लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, ईंट-पत्थर चलाने और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए गुरुवार को थाने में तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार, घटना बुधवार शाम करीब 6:15 बजे की है। आरोप है कि पड़ोस के राम सज्जन शर्मा के परिवार के कई लोग लाठी-डंडे से लैस होकर वीरेंद्र दूबे के घर पर चढ़ आए। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके बुजुर्ग पिता फूलदेव दूबे और मां के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

घर के अंदर ईंट-पत्थर भी चलाए गए और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित का कहना है कि गुरुवार सुबह भी आरोपी घर पहुंचे और गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। इससे परिवार भयभीत है। वीरेंद्र दूबे ने पुलिस से कार्रवाई कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

पैतृक भूमि पर बनी सड़क खाली कराने पहुंची कोर्ट की टीम,विरोध के चलते लौटी

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) कस्बे के मौलाना आजाद नगर स्थित मधुबन स्कूल के सामने बनी सड़क को लेकर उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कोर्ट अमीन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। संबंधित भूमि को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू होते ही आस पास की महिलाओं ने विरोध जताना शुरू कर दिया। बढ़ते विरोध और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए कार्रवाई रोक दी गई। इसके बाद कोर्ट अमीन को बिना कब्जा दिलाए ही वापस लौटना पड़ा। लोहिया नगर निवासी त्रिलोकी नाथ अग्रवाल पुत्र पारसनाथ अग्रवाल का दावा है कि संबंधित भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है, आरोप है कि जिस पर नगर पालिका द्वारा जबरन सड़क बना दी गई है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण रोकने और अपनी भूमि के



संबंध में कार्रवाई की मांग को लेकर कई बार आवेदन दिया, लेकिन उनकी शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई। अब न्यायालय से आदेश आने के बावजूद

◆1989 से चल रहे मुकदमे में न्यायालय के आदेश पर पहुंचा अमीन◆महिलाओं के विरोध और शांति व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए रोकनी पड़ी कार्रवाई

उन्हें भूमि पर कब्जा नहीं मिल पा रहा है। बताया जा रहा है कि इस भूमि को लेकर वर्ष 1989 से चल रहे मुकदमें में न्यायालय के आदेश के क्रम में बुधवार को कोर्ट अमीन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आसपास के लोगों को कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद वादी पक्ष की ओर से मजदूर बुलाकर सड़क की खुदाई शुरू कराई गई, जिसका आसपास की महिलाओं ने विरोध किया। देखते ही देखते मामला कहा सुनी तक पहुंच गया। स्थिति बिगड़ने की आशंका पर पुलिस ने हस्त क्षेप कर काम रुकवा दिया। कोर्ट अमीन ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थे, लेकिन शोर-शराबे, शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के कारण आदेश का अनुपालन नहीं हो सका। इसकी रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जाएगी।

आगे की कार्रवाई न्यायालय के अगले आदेश के अनुसार की जाएगी। वहीं, थाना अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के साथ कोर्ट अमीन मौके पर आए थे और उन्हें पुलिस बल उपलब्ध कराया गया था। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर कोर्ट अमीन वापस लौट गए।

परिश्रम का कोई विकल्प नहीं,आत्मविश्वास से मिलती है सफलता-प्रो.उदयभान सिंह

जंगलधूसड़ (गोरखपुर)। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगलधूसड़ में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव का समापन गुरुवार को विभिन्न खेलकूद एवं भाषण प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा विजेता प्रतिभागियों के सम्मान के साथ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, गोरखपुर प्रो. उदय भान सिंह ने कहा कि वार्षिक महोत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण अवसर है। विद्यार्थियों के सामने सफलता प्राप्त करने के अनेक अवसर हैं, लेकिन उनके सदुपयोग के लिए निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। आत्म विश्वास और साहस किसी भी खिलाड़ी की सफलता के प्रमुख आधार हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महा विद्यालय के प्राचार्य डा.मनीष कु.त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सह शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। वार्षिक महोत्सव के प्रभारी डॉ. राम सहाय ने आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन मनोविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अर्चिता राय ने किया। समापन समारोह से पूर्व वॉलीबॉल, गोरखवाणी तथा अंग्रेजी, हिंदी एवं संस्कृत भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबले में झलकारी बाई टीम विजेता तथा कल्पना चावला टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता का संयोजन बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती विभा सिंह एवं रसायन शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती प्रियंका मिश्रा ने किया। **गोरख वाणी प्रतियोगिता में आयुष कुशवाहा प्रथम** गोरखवाणी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सबदी संख्या 1, 5,7,9,10,11 एवं 15 का हिंदी भावार्थ सहित सस्वर वाचन किया। इसमें बी.बी.ए. तृतीय सेमेस्टर के आयुष कुशवाहा ने प्रथम, बी.एससी. पंचम सेमेस्टर की अंशिका ने द्वितीय, बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर के ऋतुराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह, रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष विवेक विश्वकर्मा एवं बी.एड. विभाग की सहायक आचार्य डॉ. अनुभा श्रीवास्तव शामिल रहीं। प्रतियोगिता का संयोजन एवं संचालन श्रीमती दीप्ति गुप्ता ने किया। **अंग्रेजी भाषण में दिव्या दूबे प्रथम** 'Artificial Intelligence (AI): Opportunities & Challenges' विषय पर आयोजित अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में सात विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बी.ए. पंचम सेमेस्टर की दिव्या दूबे ने प्रथम, बी.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर के ऋतुराज सिंह ने द्वितीय तथा बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर की प्रिया सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष श्री हरिकेश यादव, प्राचीन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार मिश्रा, रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य विवेक विश्वकर्मा शामिल रहे। प्रतियोगिता का संयोजन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष सुश्री पूजा त्रिपाठी ने किया। हिंदी, संस्कृत भाषण प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता: अवसर एवं चुनौतियां' विषय पर आयोजित हिंदी भाषण प्रतियोगिता में 16 तथा संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में 6 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में आयुष कुमार कुशवाहा ने प्रथम, दिव्या दूबे ने द्वितीय तथा आरती सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में आयुष कुमार कुशवाहा प्रथम, दिव्या दूबे द्वितीय, सत्या गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। हिंदी भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में प्राचीन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुबोध कुमार मिश्र, कंप्यूटर विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अंजली चौधरी तथा वाणिज्य विभाग के डॉ. नंदन शर्मा शामिल रहे। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य विवेक विश्वकर्मा, कंप्यूटर विभाग की सहायक आचार्य सुश्री अंजली चौधरी तथा वाणिज्य विभाग के डा. नंदन शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। दोनों भाषण प्रतियोगिताओं का संयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डा.आरती सिंह ने किया। इस अवसर पर डा.नंदन शर्मा, सुश्री तान्या श्रीवास्तव,सिद्धार्थ कुमार शुक्ला सहित महा विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



◆प्रतिभा निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का मंच है वार्षिक महोत्सव-डा.मनीष कुमार त्रिपाठी
◆महाराणा प्रताप महाविद्यालय का त्रिदिवसीय वार्षिक महोत्सव संपन्न,विजेता प्रतिभागी सम्मानित

स्काउट-गाइड के मूल सिद्धान्तों को विस्तार से बताया

गोरखपुर। 'दिग्विजयनाथ एल.टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग में आयोजित पाँच दिवसीय



स्काउट एण्ड गाइड परिचायक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विविध प्रशिक्षण गतिविधियाँ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें प्रशिक्षकों, प्रति भागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दूसरे दिन स्काउट एण्ड गाइड के उद्देश्यों, मूल सिद्धान्तों एवं विभिन्न आयामों पर विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता के महत्व से अवगत कराया गया। स्काउट गाइड के मुख्य प्रशिक्षक ओम प्रकाश उपाध्याय ने शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। जब कि स्काउट-गाइड की सहायक प्रशिक्षिका श्रीमती लाजो रानी एवं सुश्री खुशबू गौड़ ने उपस्थिति प्रशिक्षणार्थियों को व्यायाम कौशल, स्कार्फ रोलिंग श्रमदान, मार्च-पास, सैल्यूट चिन्ह, बांया हाथ मिलाना तथा कैम्प फायर का प्रशिक्षण दिया। शिविर के दौरान ध्वज शिष्टाचार, समूह सहभागिता और अनुशासन संबंधी गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। छात्राध्यापकों ने सभी सत्रों में सक्रिय सहभागिता दिखाई और प्रशिक्षण में दी गयी रूचिकर जानकारी को ग्रहण किया। इस शिविर में बी.एड्. विभाग के सभी शिक्षक, पंजीकृत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बेलसर में मनमानी,खड़ंजा उखाड़ने के बाद सड़क निर्माण अधर में

धानीबाजार (महराजगंज)। विकास खंड धानी के ग्राम सभा बेलसर में विकास कार्यों के नाम पर आने वाली धनराशि के खर्च को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। गांव में पहले से बने खड़ंजे को ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा उखाड़वा दिया गया। लेकिन उसके स्थान पर अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। लोगों के विरोध होने पर उसे नरेगा से फिर मिट्टी डलवा दिया गया इससे ग्रामीणों को कच्चे और बदहाल रास्ते से आवागमन करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार पक्की सड़क से अद्या चौहान के खेत से गोवरी पहलवान के खेत तक सीसी सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके आगे रामभवन के घर तक



खड़ंजा लगा हुआ था। लेकिन उक्त खड़ंजे की ईंटों को ग्राम प्रधान द्वारा उखड़वाकर कहीं और ले जाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि खड़ंजा उखाड़ा गया था तो उसके स्थान पर नई सड़क का निर्माण कराया जाना चाहिए था। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी रास्ता अधूरा पड़ा है। लोगो के विरोध होने पर उस सडक पर नरेगा द्वारा फिर से मिट्टी डाल दिया गया। उस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। बावजूद इसके सड़क निर्माण नहीं होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी तरह नव राशि सहानी के घर से पंचायत भवन के पहले तक भी खड़ंजा मार्ग बना हुआ था। वहा से भी ग्राम प्रधान द्वारा खडंजे को उखडवा दिया गया, लेकिन अभी तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।

बरसात के दौरान कच्चे रास्ते पर आवागमन, भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण बहादुर, विशाल, बबलू, अजय, राम अवध, प्रदीप, परशुराम, दुर्गेश, संजय चौहान ने जिलाधिकारी महराजगंज से मामले की जांच कराने तथा दोनों स्थानों पर शीघ्र सड़क निर्माण कराने ग्राम सभा मे विकास के लिए आये धन के सापेक्ष कराये गये विकास कार्यो की जांच कराये जाने की मांग की है।

सार्वजनिक सड़क तोड़ने का आरोप,मोहल्लेवासियों ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) कस्बे के मौलाना आजाद नगर के निवासियों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सार्वजनिक सड़क को क्षतिग्रस्त करने, रिहायशी मकानों को गिराने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया है। मोहल्ले वासियों ने मामले की जांच कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायती पत्र में मोहल्लेवासियों ने आरोप लगाया है कि 28 अक्टूबर को लोहिया नगर निवासी त्रिलोकी नाथ ने



पुराने मुकदमे के आदेश का हवाला देते हुए मधुवन इंटर कॉलेज और दुर्गा मंदिर के समीप स्थित करीब 50 वर्ष पुराने सार्वजनिक रास्ते की इंटर लॉकिंग सड़क को उखाड़ दिया और उसे अपनी निजी भूमि बताया। उनका कहना है कि इस क्षेत्र में कई पीढ़ियों से लोग अपने मकानों में रह रहे हैं। नगर पालिका में उनके मकानों के नंबर दर्ज हैं और वे नियमित रूप से गृहकर

◆50 साल पुराने रास्ते पर कब्जे की कोशिश का आरोप, कार्रवाई की मांग

जानकारी नहीं थी और न ही इस संबंध में कोई नोटिस दिया गया था। मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर सार्वजनिक रास्ते की स्थिति स्पष्ट करने और उनके साथ न्याय सुनिश्चित कराने की मांग की है।

डाकघर बेलघाट में महीनों से सर्वर की समस्या से खाताधारक परेशान

गोलाबाजार/बेलघाट (गोरखपुर)। बेलघाट स्थित भारतीय डाकघर में पिछले कई महीनों से सर्वर की समस्या बनी हुई है। सर्वर ठीक से काम नहीं करने के कारण खाता धारकों को जमा-निकासी सहित अन्य लेनदेन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन डाकघर पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे उनके जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बेलघाट निवासी एवं सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा पिछले कई दिनों से डाकघर का चक्कर काट रहे हैं। सर्वर की समस्या के कारण उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का



◆लेनदेन के लिए चक्कर काट रहे उपभोक्ता

कहना है कि वे अपने जरूरी काम निपटाने की उम्मीद लेकर सुबह डाकघर पहुंचते हैं, लेकिन सर्वर नहीं चलने के कारण बिना लेनदेन किए ही वापस लौटना पड़ता है। इससे उनका समय बर्बाद होने के साथ ही जरूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। खेती-किसानी के समय बढ़ी परेशानी वर्तमान समय में खेती-किसानी से जुड़े कार्य महत्वपूर्ण हैं। किसानों को खाद, बीज और अन्य कृषि संबंधी जरूरतों के लिए पैसों की आवश्यकता होती है। ऐसे में डाकघर में लेनदेन नहीं हो पाने से उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं। खाताधारकों को अपने ही खाते से रुपये निकालने के लिए बार-बार डाकघर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि सर्वर की समस्या कई महीनों से बनी हुई है। इसके कारण डाकघर की सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। लोग रोजाना इस उम्मीद में पहुंचते हैं कि उनका काम हो जाएगा, लेकिन सर्वर नहीं चलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। **अधिकारियों से समस्या दूर कराने की मांग** क्षेत्रीय उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर जल्द से जल्द सर्वर की समस्या दूर कराने की मांग की है। उनका कहना है कि डाकघर की तकनीकी व्यवस्था दुरुस्त कर लेनदेन की सुविधा सुचारु रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि खाताधारकों को राहत मिल सके और उन्हें बार-बार चक्कर न लगाना पड़े। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कब तक इसका स्थायी समाधान करता है, ताकि बेलघाट डाकघर आने वाले उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से सेवाएं मिल सकें।

तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोलाउप नगर के गोपालपुर निवासी एक बुजुर्ग सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें गोरखपुर के रुस्तमपुर स्थित एस्ट्रोमेडिक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह आईसीयू में वेंटिलेटर पर उपचारा धीन हैं। घायल के पुत्र विश्वजीत विश्वास ने गोला थानाध्यक्ष को तहरीर देकर दूसरे बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के मुताबिक, 26 अक्टूबर को दिन में करीब एक बजे उनके पिता दोपहिया वाहन संख्या यूपी 53डीजेड 7618 से बाजार गए थे। इसी दौरान दोपहिया वाहन संख्या यूपी 53सीएक्स 9335 के चालक ने कथित तौर पर तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके पिता के वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल निजी अस्पताल ले गए, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुत्र का आरोप है कि दूसरे वाहन चालक की लापर वाही के कारण यह हादसा हुआ। उन्होंने पुलिस से संबंधित चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रकरण में गोला थाना प्रभारी सी पी पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है और विधिक कार्यवाहीं के लिए आदेशित किया गया है।

फेसबुक पर वाहन डिलीवरी के नाम पर 1.40 लाख की ठगी,केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के घघसरा निवासी एक व्यक्ति से वाहन डिलीवरी कराने के नाम पर 1.40 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, घघसरा निवासी इंतयाज अली पुत्र बेचुई से एक जालसाज ने फेसबुक के माध्यम से संपर्क कर कम कीमत पर वाहन बेचने का झांसा दिया। जालसाज की बातों में आकर पीड़ित ने यूपीआई के माध्यम से 1.40 लाख रुपये भेज दिए। रकम लेने के बाद न तो वाहन भेजा गया और न ही पैसे वापस किए गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

लाखों रूपये का आरआरसी सेंटर बेकार,सड़क हाईवे किनारे फेंका जा रहा कूड़ा

धानीबाजार (महराजगंज)। धानी क्षेत्र के ग्राम सभा कानापार का धानी बाजार में स्वच्छता व्यवस्था के सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। बाजार से प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा लाखों रुपये की लागत से आरआर सी रिसोर्स रिकवरी सेंटर का निर्माण कराया गया। बावजूद कूड़ा निर्धारित केंद्र पर एकत्र करने के बजाय धानी-फरेंदा व बृजमनगंज मार्ग के किनारे हाइवे पर फेंका जा रहा है। जिससे सड़क किनारे गंदगी का अंबार लग रहा है। जो स्वच्छता व्यवस्था पर



सवाल खडा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी प्रतिदिन उसी रास्ते ब्लाक तक आते-जाते हैं। सडक किनारे फैली गंदगी आखिर उनकी नजरों से कैसे ओझल हो रहा है। समस्या का समाधान ना कर सिर्फ ग्राम सभा के विकास का पैसा इधर उधर खपाने मे मस्त है। लोगों का कहना है कि यदि नियमित निगरानी और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था दुरुस्त होती, तो सड़क किनारे इस तरह गंदगी नही फैलती। तमाम ग्रामीणों के अनुसार, बाजार से प्रतिदिन निकलने वाले कूड़े का समुचित प्रबंधन नहीं होने से समस्या लगातार बनी हुई है। जिस उद्देश्य से आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया गया था। उसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलता दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सरकारी धन से तैयार कराई गई आर आरसी सेन्टर बेकार पड़ी है। सड़क किनारे कूड़ा फेंके जाने से दुर्गंध, गंदगी, आसपास के वातावरण के दूषित होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जो स्वच्छ भारत मिशन मे एक चिंता का बिषय है। इस सम्बध में एडीओ पं.संजय कु. ने बताया कि आर आरसी सेंटर छोटा है। बाजार से एक दिन में निकलने वाले कूड़े से ही उसके भर जाने की स्थिति बन सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि कानापार धानीबाजार में कूड़ा डालने के लिए अन्य जगह उपलब्ध नहीं है। समस्या से उच्चा अधिकारियों को अवगत कराया गया है।